

02

स्कूल में रोटरी क्लब सेंट्रल द्वारा छात्राओं को साफ-सफाई व स्वच्छता के बारे में जागरूक

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

डिजिटल माध्यम से बायो डायवर्सिटी पार्क को करें प्रमोट: निशांत यादव



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, रविवार, 13 मार्च, 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1943, माघ शुक्ल पक्ष एकादशी, मूल्य 2.00 रुपए

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के खिलाड़ियों ने किक बॉक्सिंग में दिखाया दम

**आज समाज नेटवर्क**

**बल्लभगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज किक बॉक्सिंग महिला पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स मे 9-11 मार्च तक हुआ। शनिवार को इस टीम का कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज स्टाफ ने जमकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने खिलाडि?ों को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रतियोगिता में सभी विजय के लिए खेलतें है लेकिन सच्ची लग्न और ईमानदारी के साथ बेहतर प्रदशर्न करने वाले खिलाडि?ों को ही कामयाबी मिलती है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न भार श्रेणियों में हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में नेहा एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा ने 60 किलो ग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पायल एमए अंतिम वर्ष की छात्रा ने 55 किलो ग्राम भार में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रेखा ने एमए अंतिम वर्ष की छात्रा ने 50 किलो ग्राम भार रजत पदक प्राप्त किया। हेमलता बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने- 50 किलो ग्राम भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग धनंजय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र ने 57 किलो ग्राम भार में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में नेहा और पायल का सिलेक्शन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए किया गया। जिसका आयोजन वीर बहादुर यूनिवर्सिटी, जौनपुर, उत्तर प्रदेश में होगा। प्राचार्य जी ने सभी खिलाडि?ों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में इस तरह जीतने का आशीर्वाद दिया।